BSES

बीएसईएस ने दिल्ली सरकार को सौंपे करीब 850 ई–टैबलेट्स

उपमुख्यमंत्री ने कमजोर तबके के छात्रों में बांटे ई–टैबलेट्स

ऑनलाइन कक्षाओं में मिलेगी मदद

नई दिल्लीः 3 दिसंबर। कोविड के इस कठिन दौर में, बीएसईएस ने अपने सीएसआर पहल के तहत दिल्ली सरकार को 850 ई–टेबलेट्स सौंपे। दिल्ली के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने आज ये ई–टेबलेट्स कमजोर तबके के छात्रों के बीच बांटे। शलीमार बाग के एक सरकारी स्कूल में अयोजित कार्यक्रम में छात्रों के बीच ई–टेबलेट्स का वितरण किया गया, ताकि उनकी पढ़ाई पर केविड के नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके और वे बिना परेशानी के ऑनलाइन कक्षाएं कर पाएं।

इस मौके पर बीआरपीएल और बीवाईपीएल के बोर्ड में डायरेक्टर श्री जसमीन शाह, बीआरपीएल सीईओ श्री अमल सिन्हा, बीवाईपीएल सीईओ श्री पीआर कुमार और बीएसईएस तथा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कोरोना वायरस के इस मुश्किल वक्त में, बीएसईएस अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत, लोगों को राहत पहुचाने की कोशिशें कर रही है। इसी प्रयास के तहत, बीएसईएस ने 3 लाख ग्लव्स, 2 लाख मास्क, 20 हजार से अधिक हाइजीन किट्स, व ड्राई राशन बांटे हैं। 7500 पीपीई किट्स भी बांटे गए हैं। इनके इलावा, दिल्ली पुलिस व मोहल्ला क्लिनिकों के लिए 130 सेनिटाइजर–सह–टेंप्रेचर स्कैनिंग मशीन और 1000 लीटर लिक्विड सेनिटाइजर उपलब्ध कराए गए हैं। बीएसईएस ने दिल्ली सरकार के तीन अस्पतालों के लिए तीन एंबुलेंस भी उपलब्ध कराए हैं। तीन और एंबुलेंस जल्द ही सौंप दिए जाएंगे।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, कोविड 19 ने न सिर्फ भारत बल्कि दुनियाभर के लिए अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी की हैं। सरकार व सरकारी संस्थाएं कोविड और उसके प्रभावों से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है। सरकार और कॉरपोरेट सेक्टर के संसाधनों के साझा उपयोग से समाज के वंचित तबकों के जीवन पर और बड़ा व सकारात्मक असर डाला जा सकता है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

....